**उपभोक्ता चेतावनी**

# चैरिटी केयर कार्यक्रमों के माध्यम से मुफ़्त या कम कीमत वाली स्वास्थ्य देखभाल

यदि आप अपने अस्पताल के चिकित्सा बिलों का भुगतान नहीं कर सकते हैं, तो आप कैलिफोर्निया के हॉस्पिटल फैर प्राइसिंग पॉलिसी कानून के तहत चैरिटी केयर के रूप में बिल का एक हिस्सा या पूरा बिल माफ करने के पात्र हो सकते हैं। [1]

## चैरिटी केयर क्या है?

परिवारों को वित्तीय तबाही से बचने में मदद करने के लिए चैरिटी केयर मौजूद है और यह उन योग्य कैलिफ़ोर्नियावासियों की सहायता करने के लिए है जो अपनी अस्पताल देखभाल से जुड़े बिलों का भुगतान नहीं कर सकते हैं। अस्पतालों में चैरिटी केयर के लिए अलग-अलग नाम हैं, जैसे, “डिस्काउंट पॉलिसी,” “फाइनान्सियल असीसटन्स पॉलिसी,” “मेडिकल फाइनान्सियल असीसटन्स प्रोग्राम(म्स)”, “स्लाइडिंग स्केल पॉलिसी” या, “ब्रिज असीसटन्स पॉलिसी”।

## चैरिटी केयर के लिए कौन पात्र है?

- ***गैर-बीमाकृत रोगी:*** कैलिफोर्निया के कानून के अनुसार अब अस्पतालों को उन गैर-बीमाकृत रोगियों को मुफ्त या रियायती देखभाल प्रदान करने की आवश्यकता है जो संघीय गरीबी स्तर के 400% तक कमाते हैं। यदि आप 2022 में चार सदस्यों वाले परिवार के लिए $9,250 प्रति माह या एक व्यक्ति के लिए $4,530 प्रति माह तक कमाते हैं, तो आप अर्हता प्राप्त कर सकते हैं।

- ***बीमाकृत रोगी:*** स्वास्थ्य बीमा वाले लोग छूट के लिए अर्हता प्राप्त कर सकते हैं यदि आप: (1) संघीय गरीबी स्तर के 400% (2022 में एक व्यक्ति के लिए $4,530 प्रति माह या चार लोगों के परिवार के लिए 9,250 डॉलर प्रति माह तक), और (2) पिछले 12 महीनों में चिकित्सा खर्चों का सामना करना पड़ा हो जो आपकी आय के 10% से अधिक हो।

- ***रोगी, उनकी अप्रवासन स्थिति जो भी हो:*** रोगी की अप्रवासन स्थिति चैरिटी केयर के लिए पात्रता को प्रभावित नहीं करती है। अस्पताल आपकी वित्तीय स्थिति के प्रमाण का अनुरोध कर सकता है - जैसे पे स्टब्स, सामाजिक सुरक्षा लाभ, या स्थानीय सामाजिक सेवा एजेंसी से दस्तावेज़ीकरण - लेकिन केवल वित्तीय योग्यता का आकलन करने के लिए।

## मैं चैरिटी केयर के लिए कैसे आवेदन करूं?

अस्पताल की चैरिटी केयर नीति और आवेदन निर्देशों की जांच करने के लिए अपने अस्पताल की वेबसाइट पर जाएं या कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ केयर एक्सेस एंड इंफॉर्मेशन (एचसीएआई) की वेबसाइट https://syfphr.hcai.ca.gov/FacilityList.aspx, पर देखें, जिसमें प्रकाशित नीतियां और खोज कर सके ऐसे प्रारूप में काउंटी द्वारा उपलब्ध एप्लिकेशन शामिल हैं। यदि आपके पास अस्पताल की वेबसाइट तक पहुंच नहीं है, तो अस्पताल के मुख्य स्विचबोर्ड पर कॉल करें और बिलिंग कार्यालय से अस्पताल की चैरिटी केयर नीति और आवेदन की एक प्रति का अनुरोध करने के लिए कहें।

## अस्पताल की चैरिटी केयर पॉलिसी के तहत मेरे क्या अधिकार हैं?

- आपको अस्पताल की चैरिटी केयर पॉलिसी के माध्यम से भुगतान सहायता का अनुरोध करने का अधिकार है, भले ही आपके पास स्वास्थ्य बीमा हो।
- आपको अस्पताल की चैरिटी केयर पॉलिसी के माध्यम से भुगतान सहायता का अनुरोध करने का अधिकार है, भले ही आप दस्तावेजीकृत न हो।

1 Health & Saf. Code, §§ 127400 - 127446.

- आपको अस्पताल की चैरिटी केयर पॉलिसी और आवेदन अपनी मूल भाषा में लिखित रूप में प्राप्त करने का अधिकार है। कैलिफ़ोर्निया कानून स्वास्थ्य देखभाल संगठनों के लिए यह भी आवश्यक बनाता है कि वे रोगियों को दुभाषिये सहित भाषा सेवाओं तक सार्थक पहुँच प्रदान करें। आपको उस राशि का लिखित अनुमान प्राप्त करने का अधिकार है, जो अस्पताल को बिना स्वास्थ्य कवरेज वाले किसी व्यक्ति को स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं, प्रक्रियाओं और आपूर्ति के लिए भुगतान करने की आवश्यकता होगी जो उचित रूप से प्रदान किए जाने की उम्मीद है।
- यदि आप चैरिटी केयर के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं, तो आपको अपने इलाज के लिए भुगतान करने के लिए एक विस्तारित भुगतान योजना पर मोल-भाव करने का अधिकार है।
- आपको अपने अस्पताल के बिल के साथ चैरिटी केयर प्रोग्राम के तहत अपने अधिकारों का एक सामान्य सारांश प्राप्त करने का अधिकार है।

## *क्या होगा यदि मेरे अस्पताल के बिल की तिथि पहले ही बीत चुकी हैं?*

आपके भुगतान में देरी होने पर भी चैरिटी केयर नीतियां लागू होती हैं। यदि आपका बिल पहले ही बकाया है या कलेक्शन एजेंसी को भेजा गया है, तो अस्पताल के बिलिंग सेवा प्रदाता से संपर्क करें और एक चैरिटी केयर आवेदन का अनुरोध करें। यदि आप पिछले देय बिल में से कुछ या सभी के लिए चैरिटी केयर के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं, तो आपके पास रिफ़ंड यानि धनवापसी प्राप्त करने का, यदि आपसे अधिक शुल्क लिया गया था या एक ऐसी भुगतान योजना पर मोल-भाव करने का अधिकार है, जो आपकी पारिवारिक आय के 10% से अधिक नहीं है।

## *यदि मेरा चैरिटी केयर आवेदन अस्वीकृत हो जाता है तो क्या होगा?*

अगर आपको चैरिटी केयर से इनकार किया जाता है, तो आप अस्पताल से इनकार पर पुनर्विचार करने के लिए कह सकते हैं। अस्पताल के बिलिंग कार्यालय से संपर्क करें और नीति में निर्दिष्ट अनुसार अपील का अनुरोध करें।

## *मैं कैलिफ़ोर्निया के चैरिटी केयर कानूनों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों की रिपोर्ट कहाँ कर सकता/सकती हूँ?*

स्वास्थ्य देखभाल सुविधा/प्रदाता वेब पोर्टल के खिलाफ शिकायत के माध्यम से कैलिफोर्निया के हॉस्पिटल फैर प्राइसिंग पॉलिसी कानून के उल्लंघन की रिपोर्ट कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ (सीडीपीएच), लाइसेंसिंग एंड सर्टिफिकेशन डिवीज़न *को सीधे लाइसेंसिंग और सर्टिफिकेशन प्रभाग को ऑनलाइन करें*, जो इस लिंक पर उपलब्ध है।.

***

यह उपभोक्ता अलर्ट कैलिफ़ोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ़ जस्टिस के हेल्थकेयर राइट्स एंड एक्सेस (HRA) सेक्शन द्वारा जारी किया गया था। एचआरए कैलिफोर्निया में स्वास्थ्य सेवा की सामर्थ्य, पहुंच और गुणवत्ता को बढ़ाने और उसकी रक्षा करने के लिए सक्रिय रूप से काम करता है। एचआरए के वकील उपभोक्ता अधिकारों; स्वास्थ्य सेवा बाजार में प्रतिस्पर्धा विरोधी समेकन; प्रतिस्पर्धा विरोधी दवा मूल्य निर्धारण; गैर-लाभकारी स्वास्थ्य देखभाल लेनदेन; गोपनीयता समस्या; नागरिक अधिकार, जैसे प्रजनन अधिकार और LGBTQ स्वास्थ्य संबंधी अधिकार; और तंबाकू, ई-सिगरेट और अन्य उत्पादों पर सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्य, सहित अटॉर्नी जनरल के स्वास्थ्य सेवा के विभिन्न क्षेत्रों की निगरानी और योगदान करते हैं।